

# अब्दुल कलाम की भूमिका के लिये धनुष बेहतर : ओम

**जा**नेमाने निर्देशक ओम राउत का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'कलाम- द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की भूमिका के लिये धनुष से बेहतर कोई विकल्प हो ही नहीं सकता था. ओम राउत ने हाल ही में कान्स 2025 में अपनी अगली फिल्म 'कलाम- द मिसाइल मैन ऑफ इंडिया' की घोषणा की है. यह फिल्म भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जीवन यात्रा पर आधारित एक भव्य बायोपिक होगी.

ओम राउत ने कहा, जब आप डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तित्व को पर्दे पर उतारते हैं, तो यह ज़रूरी है कि उनकी उपलब्धियों के साथ-साथ उनकी आध्यात्मिक यात्रा और शिक्षाओं को भी दर्शाया जाए. यह किसी भी बायोपिक का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा होता है. और मुझे नहीं लगता कि धनुष से बेहतर कोई अभिनेता इस गहराई को पर्दे पर उतार सकता था. वह इस भूमिका के लिए एकदम उपयुक्त हैं. मेरी पूरी टीम की ओर से, मैं उन्हें इस महत्वपूर्ण परियोजना का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद देता हूं.

ओम राउत ने कहा, डॉ. कलाम की शिक्षाएं हर युवा के दिल में बसी हुई हैं. मैंने कॉलेज के समय उनकी किताब 'विंग्स ऑफ फायर' पढ़ी थी, और मैं यह पूरी ईमानदारी से कह सकता हूं कि आज जो कुछ भी मैं कर रहा हूं, जो भी बनने की ख्वाहिश रखता हूं, उसका आधार उसी किताब से मिला है. उस किताब ने मेरी जिंदगी को देखने का नजरिया ही बदल दिया और यही वजह है कि मैं आज यहां खड़ा हूं.

ओम राउत ने कहा,डॉ. कलाम की जीवन यात्रा हमेशा से मुझे प्रेरित करती रही है. मैंने महसूस किया कि उनके जीवन की तीन प्रमुख आधारशिलाएं थीं. पहला, शिक्षा. वे एक महान शिक्षक थे और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बहुत महत्व देते थे.

# सोनी सब पर उफ़्फ़ ... ये लव है मुश्किल का होगा प्रीमियर

**सोनी** सब के आगामी शो 'उफ़्फ़... ये लव है मुश्किल' का प्रीमियर 09 जून को होगा. सोनी सब नई रोमांटिक-कॉमेडी पारिवारिक ड्रामा 'उफ़्फ़... ये लव है मुश्किल' के साथ दर्शकों का दिल जीतने के लिए तैयार है. यह शो सोनी सब के प्रोग्रामिंग लाइन-अप में एक ताज़गीभरा जोड़ है जिसमें दो विपरीत स्वभाव के किरदार युग सिन्हा (शब्बीर आहलूवालिया) और कैरी शर्मा (आशी सिंह) हैं. बिल्कुल अलग दुनियाओं से आए यह किरदार एक जटिल परिस्थिति की वजह से साथ आ जाते हैं. इस शो में लोकप्रिय अभिनेता शब्बीर आहलूवालिया




पारंपरिक 'आदर्श' भूमिकाओं से हटकर युग जैसे किरदार में नज़र आएंगे. एक ऐसा व्यक्ति जो महिलाओं से दूरी बनाए रखता है और जिसकी भावनाएं उसके शांत चेहरे के पीछे छिपी होती हैं. वहीं, आशी सिंह, जो टेलीविजन पर अपनी कई प्रमुख भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं, कैरी के रूप में गर्मजोशी और चंचलता लेकर आती हैं. एक ऐसी लड़की जो दिल से सोचती है और ज़िंदगी को खुले दिल और उम्मीद से देखती है.


शब्बीर आहलूवालिया ने कहा,युग का जो पहलू मुझे आकर्षित करता है, वो है उसकी भावनाओं की गहराई, जिन्हें वह दिखाना नहीं चाहता. वह एक ऐसा किरदार है जिसे पेशेवर दुनिया में सम्मान मिला है लेकिन व्यक्तिगत जीवन में वह असमंजस से भरा हुआ है. 'उफ़्फ़... ये लव है मुश्किल' में युग सिन्हा का किरदार निभाना मेरे कॅरियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और ताज़गीभरी भूमिकाओं में से एक है. युग एक ऐसा इंसान है जिसने अपने चारों ओर दीवारें

# ज्वेलरी इवेंट में दीपिका पादुकोण ने बिखेरा जलवा

**बॉ**लीवुड स्टार दीपिका पादुकोण ने स्वीडन के स्टॉकहोम में कार्टियर हाई ज्वेलरी इवेंट में जलवा बिखेर दिया. दीपिका पादुकोण ना सिर्फ भारत की टॉप अभिनेत्री हैं, बल्कि एक ग्लोबल आइकन भी हैं, जो इंटरनेशनल लग्ज़री वर्ल्ड में भारत की पहली ग्लोबल लग्ज़री ब्रांड एंबेसडर बनकर दमदार मौजूदगी दर्ज करा रही हैं.

हाल ही में दीपिका स्वीडन के स्टॉकहोम में %क्वीन% मूड ऑन ! स्टॉकहोम में कार्टियर हाई ज्वेलरी इवेंट में शामिल हुयी, जिसमें उनका रेड अंदाज़ देख रह गए सब दंग रहे गये.

# सीरीज मिस्त्री का टीज़र रिलीज



**राम** कपूर और मोना सिंह की सीरीज मिस्त्री का टीज़र रिलीज हो गया है. बनिजय एशिया और यूनिवर्सल इंटरनेशनल स्टूडियोज के सहयोग से बनी सीरीज मिस्त्री का निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है. इसमें राम कपूर और मोना सिंह लीड रोल में हैं. यह सीरीज 27 जून, 2025 को जियोहॉटस्?टार पर प्रीमियर होगी.मिस्?त्री, अमेरिका की मल्टी-अवॉर्ड विनिंग सीरीज मॉन्?क का भारतीय रूपांतरण है. इसे बनिजय एशिया ने यूनिवर्सल इंटरनेशनल स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है और निर्देशन ऋषभ सेठ ने किया है. राम कपूर इस सीरीज में विचित्र और प्रतिभाशाली जासूस अरमान मिस्?त्री का किरदार निभा रहे हैं जबकि मोना सिंह निडर एसीपी सेहमत सिद्दीकी के रूप में नजर आएंगी.इसके अलावा शिखा तलसानिया और क्षितीश दाते भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे.

ऋषभ सेठ ने कहा, मिस्त्री मेरे लिए एक बहुत ही अलग और संतोषजनक अनुभव रहा. इस प्रोजेक्ट से जुड़ते ही मैं इसके भीतर उतर जाना चाहता था, क्योंकि इसकी कहानी बेहद दिलचस्प है और अरमान मिस्?त्री जैसा किरदार तो उससे भी ज्यादा रोचक है.राम ने अरमान मिस्?त्री के हमारे विज़न को पूरी तरह साकार किया है, और मोना, शिखा और क्षितीश जैसे कलाकारों ने भी इस कहानी को और गहराई दी है.

शो में अरमान मिस्?त्री की भूमिका निभा रहे राम कपूर ने कहा, अरमान मिस्?त्री मेरे अब तक निभाए किसी भी किरदार से बिल्कुल अलग है. मिस्त्री की शूटिंग का अनुभव इतना डूबकर करने वाला रहा कि मैं इस किरदार की हर परत, उसकी अजीब बातें, उसकी होशियारी और उसकी कमजोरियों को करीब से समझ पाया.यह किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है और मैं बेहद खुश हूं कि यह पर्दे पर किस रूप में सामने आया है.मैं अब और इंतजार नहीं कर सकता कि दर्शक और मेरे फैन्स मुझे मिस्त्री के रूप में जियोहॉटस्टार पर देखें.

# थामा के साथ दिवाली पर बड़ी रिलीज़ मिलना बेहद खास


**बॉ**लीवुड स्टार आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा के साथ दिवाली पर बड़ी रिलीज़ मिलना उनके लिये बेहद खास एहसास है.

आयुष्मान खुराना, जो बॉलीवुड में अपने दम पर एक सफल मुकाम तक पहुंचे हैं, अब वह अपने करियर की पहली दिवाली रिलीज़ को लेकर बेहद उत्साहित हैं. फिल्म 'थामा', जिसे दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स प्रोड्यूस कर रही है, 2025 की दिवाली पर बड़े पर्दे पर दस्तक देगी.

दिवाली हमेशा से बड़े सितारों और बड़ी फिल्मों की रिलीज़ के लिए खास मानी जाती रही है, और अब आयुष्मान के लिए यह मौका एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है.

आयुष्मान ने कहा मेरे लिए दिवाली एकजुटता, परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का पर्व है. हर साल मेरी परंपरा होती है कि मैं अपने परिवार के साथ थिएटर जाकर दिवाली पर कोई फिल्म देखूं. यह मेरे लिए सबसे बड़ा सिनेमाई अनुभव होता है. आयुष्मान ने कहा,थामा के साथ पहली बार मेरी कोई फिल्म दिवाली पर रिलीज हो रही है, और यह मेरे करियर की सबसे बड़ी रिलीज है. यह जानकर बेहद खास लगता है कि मेरी फिल्म त्योहार के इस खुशी भरे माहौल में लोगों को हँसी और खुशी देने का जरिया बन सकती है.

आयुष्मान ने बताया कि पूरी टीम इस फिल्म को बड़े पैमाने पर दर्शकों तक पहुंचाने के लिए पूरी मेहनत कर रही हैमैं थामा के लिए अपना सब कुछ दे रहा हूं. मेरे प्रोड्यूसर दिनेश विजान, अमर कौशिक, डायरेक्टर आदित्य सर्पोटदार और पूरी टीम हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने में जुटे हैं ताकि यह फिल्म हर किसी के लिए एक यादगार अनुभव बने.



# मृणाल ठाकुर की फिल्म डकैत का टीजर रिलीज



**बॉ**लीवुड अभिनेत्री मृणाल ठाकुर की आने वाली फिल्म डकैत का टीजर रिलीज हो गया है.

मृणाल ठाकुर, अदिवि सेश और अनुराग कश्यप स्टारर फिल्म डकैत का का धांसू टीजर रिलीज किया गया है. फिल्म डकैत का निर्देशन शेनिल देव कर रहे हैं. यह बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म है.

टीजर में मृणाल, अनुराग और अदिवि का धमाकेदार अंदाज देखने को मिला है.टीजर की शुरुआत होती है मृणाल ठाकुर के इंटेंस लुक से. उसका अतीत उसे बर्बाद करने के लिए उसके पीछे पड़ गया है.

मृणाल ठाकुर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म डकैत का टीजर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, एक्स के साथ रीयूनियन. कड़वी? नहीं. विनाशकारी? हां, बिल्कुल.

फिल्म डकैत 25 दिसंबर 2025 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी. फिल्म डकैत में मृणाल ठाकुर,अदिवि सेश, और अनुराग कश्यप के अलावा प्रकाश राज, जैन मैरी खान, अतुल कुलकर्णी और सुनील जैसे कलाकार अहम भूमिका में हैं.

# धड़क 2, एक अगस्त को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी की फिल्म धड़क 2, एक अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.**



करण जौहर की कंपनी धर्मा प्रोडक्शन ने वर्ष 2018 में रोमांटिक-थ्रिलर फिल्म 'धड़क' बनाई थी जिसमें ईशान खट्टर और जान्हवी कपूर लीड रोल में थे. लंबे समय से फिल्म के दूसरे पार्ट की चर्चा हो रही थी. धड़क 2 में सिद्धांत चतुर्वेदी और तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आने वाले हैं.

निर्माता करण जौहर ने फिल्म धड़क 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है.यह फिल्म एक अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. रिलीज डेट अनाउंस करते हुए करण जौहर ने फिल्म के दो पोस्टर भी शेयर किए हैं, जिसमें सिद्धांत और तृप्ति दिख रहे हैं. एक पोस्टर में फिल्म के हीरो का चेहरा नजर आ रहा है और दूसरे पोस्टर में फिल्म की हीरोइन का चेहरा दिखाई दे रहा है.

करण जौहर ने रिलीज डेट अनाउंस करते हुए कैप्शन में लिखा, मरने और लड़ने में से एक को चुनना हो, तो लड़ना. धर्मा प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म को शाजिया इकबाल निर्देशित कर रही हैं.





# धरती से खरबों मील दूर मिला जिंदगी का सबूत

**साइंटिस्ट** के लिए पानी के क्षेत्र में खोज हमेशा से काफी दिलचस्प रहा है. साइंटिस्ट का मानना है कि जहां पानी है, वहां जीवन हो सकता है. जबकि पूरा ब्रह्मांड सुरागों से भरा पड़ा है, चाहे वह मंगल ग्रह की सूखी नदी तलहटी हो या गैस ग्रहों की परिक्रमा करने वाले बर्फीले चंद्रमा. वहीं, टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हर रोज नई-नई खोज हमें याद दिलाता है कि हमारा सौर मंडल हमारी सोच से कहीं ज्यादा वॉन्डरर्स से भरा पड़ा है. जबकि मंगल ग्रह अक्सर पृथ्वी के अलावा पानी वाला सबसे ज्यादा चर्चित ग्रह है.

2012 में नासा के वैज्ञानिकों ने ग्रह बर्फ होने की एक मजबूत सबूत की खोज की. इससे ये साफ होता है कि बुध पर पानी है. सौर मंडल में पानी खोजने के लिए आमतौर पर अनुकूल वातावरण, हल्के तापमान वाले स्थान, भूमिगत जल भंडार या नमी को महफूज रखने और संरक्षित करने के लिए पर्याप्त मोटे वायुमंडल की तलाश करनी पड़ती है. लेकिन इस बार यह बुध ग्रह पर पाया गया है, जो इन सभी उम्मीदों से बिल्कुल अलग है. यह इतना पतला वायुमंडल कि वह मुश्किल से मौजूद है. यह एक तपती सतह और लगभग छह पृथ्वी महीनों तक चलने वाला है. ऐसा लगता है कि यह आखिरी जगह है जहां पानी बच सकता है.

यह खोज बुध ग्रह पर कदम रखे बिना ही अरेसिबो रेडियो टेलीस्कोप, गोल्डस्टोन एंटीना और वेरी लार्ज एरे (वीएलए) जैसे डिवाइसेस का इस्तेमाल करके की गई थी. रिसर्चर ने बुध की सतह से टकराने वाले रेडियो संकेतों का स्टडी किया.हाई रिफ्लेक्टेंस और डिपोलाराइजिंग इफेक्ट. खासतौर से पोल्स के पास प्रतिकूल परिवेश के बावजूद पानी की बर्फ के मजबूत इंडिकेटर थे.

# मोटोरोला का फ्लैगशिप फोन लॉन्च

**मो**टोरोला Edge 2025 लॉन्च हो गया है. मोटोरोला का यह फ्लैगशिप फोन,द्ब फीचर्स से लैस है. कंपनी ने इसमें मीडियाटेक डाइमेंशन 7400प्रोसेसर का इस्तेमाल किया है. इसका लुक और डिजाइन पिछले साल लॉन्च हुए मॉडल की तरह ही है. इसमें थोड़ा बहुत बदलाव किया गया है. इसके अलावा मोटोरोला का यह फोन बेहतर हार्डवेयर और AI फीचर्स के साथ आता है.


**कीमत**- मोटोरोला Edge 2025 को अमेरिकी बाजार में लॉन्च किया गया है. इसे एक ही स्टोरेज वेरिएंट- 8GB रैम + 256GB में पेश किया गया है. फोन की कीमत 549 डॉलर यानी लगभग 47,000 रुपये है. इस फोन को अगले महीने 5 जून से सेल के लिए उपलब्ध कराया जाएगा. मोटोरोला का यह प्रीमियम फोन एक ही डीप फॉरेस्ट कलर में आता है.

**मोटोरोला Edge 2025 के फीचर्स**- मोटोरोला का यह फोन 6.7 इंच के स्न्ह्वश्चद्गह्म् ।।ष्ठ श्वह्यस्ष्ठ डिस्प्ले के साथ आता है. फोन का डिस्प्ले 120 ॥5 हाई रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करता है. इस फोन के डिस्प्ले में कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास 7i का प्रोटेक्शन मिलता है. फोन का डिस्प्ले 4,500 निट्स तक की पीक ब्राइटनेस को सपोर्ट करता है. यह फोन मीडियाटेक डाइमेंशन 7400 7400 प्रोसेसर के साथ आता है, जिसके साथ 8GB रैम और 256GB तक इंटरनल स्टोरेज का सपोर्ट मिलेगा.




मोटोरोला के इस फोन के बैक में ट्रिपल कैमरा सेटअप मिलता है. फोन में 50MP का मेन कैमरा दिया गया है. इसके साथ 50MP का सेकेंडरी अल्ट्रा वाइड कैमरा मिलेगा. इसमें तीसरा 10MP का टेलीफोटो कैमरा मिलता है. सेल्फी और वीडियो कॉलिंग के लिए मोटोरोला के इस फोन में 50MP का कैमरा दिया गया है. यह Android 15 ऑपरेटिंग सिस्टम पर काम करता है. इस फोन में 5200mAh की बैटरी दी गई है, जिसके साथ 68W फास्ट चार्जिंग फीचर मिलता है.

इसके अलावा मोटोरोला जल्द ही G56 5G स्मार्टफोन को लॉन्च करने वाला है. इस फोन को कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर लिस्ट कर लिया गया है. यह 29 मई को ग्लोबली लॉन्च किया जाएगा. इस फोन के बैक में 50MP का मेन और 32MP का सेल्फी कैमरा मिलेगा. मोटोरोला अपने इस फोन में भी मीडियाटेक का प्रोसेसर इस्तेमाल करने वाला है.



# कोर से पिघलकर ऊपर आ रही बेशकीमती धातु

**वैज्ञानिकों** ने एक चौंकाने वाले अध्ययन में पाया है कि धरती अपनी कोर से सोना और दूसरी कीमती धातुओं को बाहर उगल रही है. साइंस अलर्ट की रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया है कि पृथ्वी का 99.99 प्रतिशत से अधिक सोना और कीमती धातुएं 3000 किमी की ठोस चट्टान के नीचे दबी हुई है. ये बेशकीमती संसाधन 4.5 अरब साल पहले हमारी पृथ्वी के निर्माण के बाद से ही इसके अंदर बंद पड़े हैं.

हाल ही में जर्मनी की गॉटिंगन यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों के दल को अमेरिका के द्वीपीय राज्य हवाई की ज्वालामुखीय चट्टानों के अध्ययन के दौरान ये जानकारी मिली है. अध्ययन के दौरान वैज्ञानिकों की टीम ने ट्रस तत्वों का पता लगाने के लिए उन्नत तकनीकों का इस्तेमाल किया. इस दौरान वैज्ञानिकों का बेशकीमती धातु रूथेनियम आइसोटोप का असामान्य रूप से उच्च स्तर पाया, जो पृथ्वी के मेंटल की तुलना में इसके कोर में अधिक प्रचलित है. इससे पता चलता है कि बाहर ज्वालामुखी का जो लावा निकला है वह पृथ्वी के भीतर कोर में बना है.




# अब सिर्फ 50 बार ही कर पाएंगे बैलेंस चेक

**एन**पीसीआई द्वारा 21 मई, 2025 को जारी सर्कुलर के अनुसार, सभी बैंक और पीएसपी को 10 सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले यूपीआई एपीआई पर निगरानी और नियंत्रण लागू करना होगा. इनमें बैलेंस चेक, ऑटोपे मेंडेट, ट्रांजेक्शन स्टेटस upiचेक जैसे अनुरोध शामिल हैं. ये बदलाव 1 अगस्त, 2025 से लागू होंगे.

नई गाइडलाइन के तहत, यूपीआई यूजर्स एक दिन में अधिकतम 50 बार बैलेंस चेक कर सकेंगे. यानी अगर कोई ग्राहक PhonePe और Paytm दोनों इस्तेमाल करता है, तो वह हर एप पर अब सिर्फ 50 बार ही बैलेंस चेक कर पाएगा. बैलेंस चेक पर लिमिट का उद्देश्य है कि यूपीआई एप ठीक तरह काम कर पाए. बार-बार बैलेंस चेक करने से यूपीआई के सर्वर पर लोड बढ़ता है जिससे सिस्टम स्लो हो जाता है.यूपीआई के जरिए लगाए गए ऑटोपे मेंडेट जैसे नेटफ्लिक्स सब्सक्रिप्शन, SIP आदि के भुगतान अब सिर्फ नॉन-पीक ऑवर्स में ही प्रोसेस किए जाएंगे. एनपीसीआई ने पीक टाइम को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे और शाम 5 बजे से रात 9:30 बजे तक निर्धारित किया है. इन समयों में सिस्टम-जनरेटेड एपीआई को सीमित या बंद किया जाएगा.

**बैंक भेजेंगे ट्रांजेक्शन के साथ बैलेंस अलर्ट**

एनपीसीआई ने निर्देश दिए हैं कि ट्रांजेक्शन के बाद बैंकों को ग्राहक को उपलब्ध बैलेंस की जानकारी भी भेजनी होगी. इसके अलावा, पीक आवर्स में बार-बार बैलेंस चेक करने से रोकने के लिए यूपीआई एप्स को विशेष तकनीकी इंतजाम करने होंगे. इससे यूपीआई की कोर इंफ्रास्ट्रक्चर स्थिर और सभी के लिए सुलभ बनी रहेगी.

**यूजर्स को मिलेगा रियल टाइम बैलेंस अपडेट**

एनपीसीआई ने स्पष्ट किया है कि इन नए नियमों के लागू होने के बाद भी ग्राहकों को उनके खाते की रियल टाइम और अपडेटेड बैलेंस जानकारी मिलती रहेगी. इससे बार-बार बैलेंस चेक करने की जरूरत नहीं पड़ेगी और यूपीआई नेटवर्क की कार्यक्षमता भी बनी रहेगी.